सवालीराम ने पूछा सवाल

सवालः आप सबको मालूम है कि जैसे-जैसे हम पहाड़ों पर ऊपर को जाते हैं तो तापमान में गिरावट आने लगती है, ठंडक लगातार बढ़ती जाती है।

तो इस बार हमारा सवाल है कि ऊंचाई पर जाने के साथ तापमान कम क्यों होता जाता है; जबकि धरती से ऊपर उठने का सीधा अर्थ यह है कि हम सूरज के करीब जा रहे होते हैं। इस वजह से तो हमें पहाड़ पर ज़्यादा गरमी महसूस होनी चाहिए!

हो सकता है कि पहली बार पढ़ने पर शायद सवाल अत्यन्त सरल-सा लगे। अगर ऐसा है तो देर किस बात की, कोशिश कीजिए और इस पते पर अपने जवाब हमें लिख भेजिए।

एकलव्य, कोठी बाज़ार, होशंगाबाद – 461 001

ज़रा सिर खुजलाइए



कई वर्गों से मिलकर बनी इस आकृति को ध्यान से देखिए।

इस बार आपको इस आकृति को आपस में जुड़ी हुई तीन सरल रेखाओं से इस तरह काटना है कि आकृति का हर वर्ग किसी-न-किसी रेखा से कट जाए या छू जाए।

तो कोशिश करके देखिए और अपने जवाब हमें जल्द-से-जल्द लिख भेजिए।